W
3/8/21

पाठ - २

Date
Page 6

बगुला भगत

शब्दार्थ

१) धूर्त - कपटी

२) दुष्ट - बुरा

३) कुशल पुछना - हाल -चाल जनना।

४) चिंता - फ़िक्र

— x —

पाठ - २

W
11/8/21

बगुला भगत

मौखिक

१) उत्तर लिखो
क) मछलियाँ कहाँ रहती थीं ?
उ) मछलियाँ तालाब में रहती थीं ।

ख) तालाब के किनारे कौन रहता था ?
उ) तालाब के किनारे एक धूर्त और दुष्ट बगुला रहता था।

ग) बगुला मछलियों को कहाँ ले जाकर मारता था ?
उ) बगुला मछलियों को दूर जंगल में एक बड़े तालाब के किनारे बड़ी चट्टान के पास ले जाकर मारता था ।

10/11/21

घ) मछलियाँ बगुले को क्या कहकर पुकारती थीं ?
उ) मछलियाँ बगुले को मामा कहकर पुकारती थीं।

लिखित

२) उत्तर लिखो

क) बगुला तालाब के किनारे किसका वेश बनाकर बैठा था और वह क्या सोच रहा था ?
उ) बगुला तालाब के किनारे साधु का वेश बनाकर बैठा था। तालाब के किनारे बैठा बगुला तालाब की मछलियों से अपना पेट भरने का उपाय सोच रहा था।

ख) मृत्यु के मुख से बचने के लिए बगुला ने मछलियों को क्या उपाय बताया ?
उ) बगुले ने मछलियों को मृत्यु के मुख से बचने का यह उपाय बताया कि वह एक-एक करके सभी मछलियों को अपनी चोंच में पकड़कर दूर एक बड़े तालाब में छोड़ आएगा।

ग) बगुला मछलियों को क्या करता था ?
उ) बगुला तालाब में से एक मछली ले जाता और दूर जंगल में एक बड़े तालाब के किनारे बड़ी चट्टान पर बैठ उसे मारकर खा जाता।

12/5/21

बगुला भगत

घ) केकड़ा बगुले की धूर्तता से कैसे परिचित उसने अपनी जान कैसे बचाई ?

उ) केकड़ा चालाक था। उसे बगुले पर विश्वास नहीं था, इसीलिए उसने शर्त रखी कि वह बगुले गरदन पर बैठकर चलेगा। जब केकड़ा चट्टान पास पहुंचा, तो हड्डियों के ढेर को देखकर सब कुछ समझ गया। उसने बगुले की गरदन में डंक गड़ाए और उसे तालाब तक चलने पर मजबूर कर दिया। तालाब के किनारे पहुँच उसने बगुले की गरदन दबाकर उसे खत्म कर दिया। इस प्रकार अपनी सूझ-बूझ से केकड़े ने अपनी जान बचाई।

3) उत्तर लिखो

क) प्रस्तुत कहानी हमें क्या संदेश देती है ? अपने शब्दों में विस्तार से लिखिए।

उ) प्रस्तुत कहानी हमें संदेश देती है कि कभी किसी का बुरा नहीं चाहिए। बुराई का अंत बुरा होता है। धूर्त और दुष्ट व्यक्ति का अंत बुरा होता है। बुद्धि बल से ही दुष्ट की समाप्ति की जाती है। बिना सोचे - विचार किसी की बात पर विश्वास नहीं करना चाहिए। विवेक का सहारा लेकर अच्छे - बुरे की पहचान करनी चाहिए। बगुला मछलियों को नए तालाब का लालच देकर अपना शिकार बना लेता है।

12/5/21

सभी मछलियाँ उसकी बातों में आकर अपनी जान गँवा देती है। अंत में बगुला केकड़े को भी अपना शिकार बनाना चाहता है परंतु केकड़ा अपनी सूझ-बूझ के कारण न केवल बच जाता है वरन् धूर्त बगुले को भी मार देता है।

ख) किसी को धोखा देना अच्छा होता है या नहीं? तीन-चार वाक्य में उत्तर लिखिए।

उ) किसी को धोखा देना अच्छी बात नहीं है। धोखा देने वाला कुछ समय के लिए तो सफल हो जाता है परंतु उसकी असलियत एक-न-एक दिन सबको पता चल ही जाता है। धोखा देने वाले का अंत बहुत बुरा होता है।

लिखित

1) कहानी के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के आगे क्रम संख्या लिखिए।

क) "मैं एक-एक करके तुम सबको अपनी चोंच में पकड़कर दूर एक बड़े तालाब में छोड़ आऊँ।" [2]

ख) धूर्त और दुष्ट व्यक्ति सदा सुखी नहीं रहते। [7]

ग) चट्टान के पास मछलियों की हड्डियों का ढेर लग गया। [5]

WO
12/5/21

Date
Page 10

घ) बगुला पीड़ा से कराह उठा। [6]

ङ) एक तालाब में पानी सूखता जा रहा था। [1]

च) "मैं तुम्हारी चोंच में दबकर नहीं चल सकता। कहो तो गरदन पर बैठकर चलूँ?" [5]

छ) मछलियाँ छूटी बगुले की चाल में आ गई। [3]